### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने फिर बोला हमला, खासमखास मित्र विनोद सिंह के चैट से कई गंभीर अपराध हुए उजागर

# हेमंत ने की है गरीब बेरोजगारों के अरमानों की हत्या : बाबूलाल

संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को फिर एक बार हेमंत सोरेन पर हमला बोला. ईडी द्वारा न्यायालय में हेमंत सोरेन की रिमांड अवधि बढ़ाने के लिए दिए गए आवेदन में चौंकाने वाले दस्तावेज जमा किए. हेमंत सोरेन के करीबी मित्र व आर्किटेक्ट विनोद सिंह के मोबाइल चैट का प्रिंटआउट जमा करते हुए ईडी ने बताया कि हेमंत सोरेन पर लगने वाले सारे आरोप की परतें खुल रहीं. यह चैट अपने आप में दस्तावेज है. भाजपा ने जो शंका व्यक्त की थी कि बिना तत्कालीन मुख्यमंत्री और उनके सहयोगियों के जेएसएससी परीक्षा में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा नहीं हुई है. आज वह आशंका सच में बदल गई, जब विनोद सिंह के साथ हेमंत सोरेन की चैट में बेरोजगार युवकों के एडमिट कार्ड की प्रति है.

चैट में कई गोपनीय दस्तावेज का भी आदान-प्रदान हुआ है. विनोद सिंह के चैट में ट्रांसफर-पोस्टिंग का व्यापार भी उजागर हुआ है. हेमंत सोरेन ने राज्य को चौतरफा लूटा है. जल, जंगल, जमीन तो लूटा ही मांड़-भात खाकर परीक्षा की तैयारी में जुटे बेरोजगारों के अरमानों, उम्मीदों को लूटा है. उनकी हत्या की है.

## विनोद सिंह का चैट है हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार का दस्तावेज



### जैसे-जैसे पूछताछ आगे बढ़ती जाएगी भ्रष्टाचार के मामले उजागर होते जाएंगे

बाबूलाल ने कहा कि हेमंत सोरेन को युवाओं की आह लगेगी. बिनोद के घर से बड़ी संख्या में बेरोजगारों के एडमिट कार्ड बरामद हुए हैं जिनसे पैसे लेकर नौकरी दिलवानी थी. इसके अतिरिक्त भानु प्रताप के भी चैट उजागर हुए हैं, जो हेमंत सोरेन को बरियातू स्थित 8.5 एकड़ जमीन को उसके नाम कराने में भी सहभागी है. जैसे जैसे पूछताछ बढ़ेगी, भ्रष्टाचार के मामले उजागर होते जाएंगे. हेमंत सोरेन का भ्रष्टाचार दुनिया के सामने भ्रष्टाचार का नया अवतार साबित होगा.

# हताश-निराश झामुमो जनता का क्या भला करेगा : प्रदीप

संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. प्रदीप वर्मा ने बुधवार को सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ईडी की कार्रवाई के बाद झामुमो हताश निराश है.



अपने काले कारनामों को छुपाने का कोई रास्ता झामुमो को नहीं दिख रहा. रोज भ्रष्टाचार के नए-नए मामले उजागर हो रहे हैं. झामुमो को अब भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने वाले लोकतंत्र के जल्लाद दिखते हैं. झामुमो को अब हर जगह जल्लाद दिख रहे हैं. झामुमो को बताना चाहिए कि जिस कांग्रेस ने 90 बार राष्ट्रपति शासन के माध्यम से लोकतंत्र का गला घोंटा, उससे बड़ा लोकतंत्र का हत्यारा और कौन हो सकता है. झामुमो प्रवक्ता जिस मीसा की बात कर रहे हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि वह कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल की धाराएं हैं. कहा कि राज्य के पहले सीएम हैं, जिन्हें पद पर रहते हुए गिरफ्तार किया गया है. झामुमो को जनता से की गयी वादाखिलाफी और भ्रष्टाचार पर प्रायश्चित करना चाहिए, जनता से माफी मांगनी चाहिए.

## रिम्स ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ संजय कुमार सिंह
- सर्जिकल आंकोलॉजीः डॉ अजित कुमार कुशवाहा
- ऑर्थोपेडिकः डॉ विनय प्रभात
- कार्डियोलॉजीः डॉ प्रशांत कुमार
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- नेत्रः डॉ दीपक लकड़ा
- ऑब्स गायनीः डॉ मीणा मेहता
- ईएनटीः डॉ संदीप कुमार
- रेडिएशन ऑकोलॉजीः डॉ अनूप कुमार
- सीटीवीएसः डॉ अंशुल कुमार
- नेफ्रोलॉजीः डॉ प्रज्ञा घोष पंत
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- पीडियाट्रिक सर्जरीः डॉ अभिषेक रंजन

## सदर ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ आशुतोष कुमार, डॉ अरुणोदय और डॉ सत्येंद्र
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ किरण चंदेल, डॉ अनुवी
- पीडियाट्रिक (शिशु रोग): डॉ मृत्युंजय
- हेमाटोलॉजीः डॉ अभिषेक रंजन
- पीडियाट्रिक सर्जरीः डॉ जैनेंद्र कुमार
- कार्डियोलॉजीः डॉ राकेश झा
- सर्जिकल अंकोलॉजीः डॉ प्रकाश भगत
- नेफ्रोलॉजीः डॉ नवीन कुमार बर्णवाल

## शहर में आज

1. 67वें नेशनल स्कूल गेम्स के तहत साइक्लिंग प्रतियोगिता खेलगांव में सुबह 10 बजे से
2. राजभवन उद्यान तीसरे दिन भी आम लोगों के लिए सुबह 10 बजे से खुलेगा
3. एचईसी मैनेजमेंट और यूनियन प्रतिनिधियों के बीच वार्ता मुख्यालय में 11 बजे से
4. आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के कांके रोड स्थित आवास पर मिलन समारोह 10 बजे से
5. आदिवासी संगठनों का धरना कार्यक्रम, मोरहाबादी की बापू वाटिका में दिन के 11 बजे
6. शहर के अन्य हिस्सों में विभिन्न कार्यक्रम दिन के 10 बजे से

### निशाने पर राजभवन: विद्यार्थी परिषद ने पूछे सवाल, मांगा स्पष्टीकरण

# क्यों लगा कुलपतियों की नियुक्ति प्रक्रिया पर ब्रेक

संवाददाता। रांची

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने बुधवार को राजभवन पर निशाना साधा और कहा कि झारखंड में शिक्षण व्यवस्था बदहाली की कगार पर है. ऐसे में राजभवन के साथ ही साथ राज्य सरकार से पूछना चाहता हूं कि ऐसी क्या मजबूरी है कि कुलपतियों की नियुक्ति प्रक्रिया पर बीच में ही ब्रेक लग गया? राजभवन को इस मामले को लेकर श्वेत पत्र जारी कर आम छात्रों को स्पष्टीकरण देना चाहिए. बताना चाहिए कि कुलपति नियुक्ति प्रक्रिया को बीच में ही क्यों रोक दिया गया?

**19 को राजभवन घेराव :** कुलपति नियुक्ति प्रक्रिया रोकने के मुद्दे पर विद्यार्थी परिषद 19 फरवरी को राजभवन का घेराव करेगी. उन्होंने बताया कि कुलपतियों की नियुक्ति का विज्ञापन निकलने के बाद भी 9 महीने से अभी तक नियुक्ति नहीं होने के कारण विश्वविद्यालय हाशिए पर चले गये हैं. आखिर ऐसा क्या कारण है कि नियुक्तियों को बीच में रद्द किया गया. झारखंड में उच्च शिक्षा के प्रति किसी को कोई भी चिंता नहीं है. वर्ष 2007 के बाद किसी भी तरह से सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति नहीं हुई है. 90 प्रतिशत कॉलेजों में स्थायी प्रिंसिपल नहीं हैं. प्रभारी प्रिंसिपल के सहारे महाविद्यालय चल रहे हैं. रांची विश्वविद्यालय में अध्यापकों के 1032 पद स्वीकृत हैं. उनमें 686 पद रिक्त पड़े हैं. रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत 18 अंगीभूत महाविद्यालय हैं, जिनमें तीन स्थाई प्राचार्य ही मौजूद हैं. छात्र संघ का चुनाव न कराना, सीनेट, सिंडिकेट को बहाल न करना यहां के सत्ताधारी लोगों की नीयत पर भी कहीं न कहीं सवालिया निशान खड़ा करता है.

शुक्ल ने कहा कि झारखंड में दुर्भाग्य वश ऐसी सरकार चुन कर आयी, जिसने सीनेट सदस्य बहाल न करके विश्वविद्यालय में अव्यवस्था की स्थिति बनाने का काम किया. इससे सरकार की मंशा क्या है, साफ दिखता है.

वेटनरी कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर न होने के कारण छात्र शोध नहीं कर पा रहे हैं, पूरे झारखंड विश्वविद्यालय में प्राध्यापकों की कमी के कारण विद्यार्थी शोध करने में आज असमर्थ हैं, यही नहीं नेट जीआरएफ क्वालिफाइड छात्र 500 से अधिक हैं. बता दें कि 8 वर्षों बाद सरकार झारखंड संयुक्त योग्यता धारी परीक्षा का आयोजन करती है और वह भी भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ जाती है. इसे झारखंड के इतिहास में एक काला अध्याय के रूप में हम सभी देखते हैं.




संवाददाता सम्मेलन में अपनी बात रखते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल.

### खास बातें

- 2007 के बाद नहीं हो पायी सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति
- 90 प्रतिशत महाविद्यालयों में नहीं हैं स्थायी प्रिंसिपल

### लोबिन व सीता के साथ ही दलित वर्ग से भी बनाया जाये मंत्री : विजय शंकर



संवाददाता। रांची

आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने सीएम चंपाई सोरेन से मांग की है कि लोबिन हेम्ब्रम और सीता सोरेन को मंत्री बनाया जाये. साथ ही दलित वर्ग से भी मंत्री बनाने की मांग की है. कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में दलित समाज को प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया था, इस बार मंत्रिमंडल विस्तार में दलित वर्ग को भी हिस्सेदारी और भागीदारी सुनिश्चित मिलनी चाहिए. श्री नायक ने आगे कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार में आदिवासी मूलवासी के हक और अधिकार को मजबूती से सदन से सड़क तक उठाने वाले नेता लोबिन हेंब्रम और झारखंड राज्य निर्माण के आंदोलनकारी नेता राज्य निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाने वाले स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी सीता सोरेन को कैबिनेट मंत्री बनाया ही जाना चाहिए. दोनों के मंत्री बनने से एंव दलित वर्ग को भागीदारी मिलने से राज्य के दलित आदिवासी, मूलवासी समाज के देखे गए सपने पूरा होंगे और इन सबो के नेतृत्व में इन वर्गों का चहुमुखी समग्र विकास होगा, जो आज तक नही हो सका है.

### लाखों गैलन पानी हुआ बर्बाद, लोग रहे परेशान



मंगलवार रात से करमटोली चौक के पास सप्लाई पाइप फट जाने से लाखों गैलन पानी बर्बाद हुआ. करीब 15 घंटे से भी ज्यादा समय तक पानी की बर्बादी होती रही. पूरा रास्ता पानी-पानी हो गया. इससे यहां के गुजरने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा. जल संसाधन विभाग ने इसे ठीक करने में काफी समय लगा दिया. स्थानीय लोगों ने बताया कि इसकी शिकायत करने के बावजूद भी इसे सुबह-सुबह ठीक नहीं किया गया. बुधवार शाम चार बजे के बाद इसकी मरम्मत की गयी.

फोटो : गोविंदा

### अभ्यर्थियों पर दर्ज प्राथमिकी निरस्त हो : आजसू

संवाददाता। रांची

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर आजसू ने मुख्यमंत्री सचिवालय को ज्ञापन सौंपा था. जिनमें आयोग के कार्यालय के समक्ष आंदोलनरत हजारों अभ्यर्थियों पर दर्ज प्राथमिकी को आजसू ने निरस्त करने की मांग की है. मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि पेपर लीक करने के दोषी को दंडित किया जाये. 28 जनवरी की परीक्षा में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों को बतौर मुआवजा 2000 रुपये प्रति अभ्यर्थी दिया जाये. इस दौरान आजसू के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला, मनजीत कुमार, रोशन कुमार नायक, आकाश नयन, राहुल कुमार, प्रियांशु शर्मा, अभिषेक साहू, विशाल कुमार यादव, मनोज कुमार, गुलशन कुमार, निशांत कुमार गोस्वामी, अनमोल कुमार, सौरभ राणा, विकी शर्मा आदि मौजूद थे.

# खेल निदेशक ने डीएसओ से मांगा किट खरीदारी का ब्योरा

**सीएम आमंत्रण फुटबॉल**

संवाददाता। रांची

खेल निदेशक सुशांत गौरव ने बुधवार 7 फरवरी को सभी जिला खेल पदाधिकारी (डीएसओ) के नाम पत्र लिखा. जिसमें मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला स्तर पर टेंडर कर खेल किट के भुगतान राशि की जानकारी मांगी है. मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता, 2023-24 के प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को खेल किट उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न जिला खेल पदाधिकारियों द्वारा निविदा के माध्यम से खेल किट क्रय करने की बात अंकित करते हुए आवंटन की मांग की गई है. जिलावार अधियाचित आवंटन राशि में काफी अधिक अंतर है. अतएव आपके द्वारा अधियाचित राशि उपावंटित करने के पूर्व संबंधित जिलों में खेल किट क्रय के लिए की गई निविदा के दर का मूल्यांकन किये जाने की आवश्यकता है.

**क्या है मामला :** मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2023- 24 के आयोजित प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के लिए खरीदी गई खेल किट में खर्च की गई राशि की जानकारी मांगी गई है. प्रतियोगिता के लिए जिला स्तर पर टेंडर के माध्यम से हजारों किट (जर्सी सेट, टी शर्ट, बूट, मोजे, शीन गार्ड और गोलकीपर ग्लव्स) की खरीदारी की गई थी.

इसके बाद 24 जनवरी को खेल निदेशक ने पत्र लिखकर सभी डीएसओ से टेंडर के एवज में होनेवाले भुगतान की राशि की जानकारी मांगी थी.जिलावार भुगतान की जानेवाली राशि में अंतर देख निदेशालय की ओर से पत्र लिखा गया.

# संत पॉल्स कॉलेज में मारपीट

संवाददाता। रांची



- थाना प्रभारी ने कॉलेज प्रबंधन का आवेदन लेने से कर दिया इनकार
- कॉलेज प्रबंध समिति के सदस्यों पर लगा मारपीट का आरोप

संत पॉल्स कॉलेज बहूबाजार कैंपस में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर बुधवार की सुबह सात बजे दो पक्षों में हिंसक झड़प हुई. इसमें कुछ लोगों को चोटें भी आईं. एक का सिर फट गया. झड़प की सूचना पाकर लोअर बाजार थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. मामले में संत पॉल्स कॉलेज के सचिव पीटर बारला और प्राचार्य डॉ. अनुज कुमार तिग्गा की ओर से लोअर बाजार थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है. हालांकि लोअर बाजार पुलिस द्वारा कॉलेज प्रबंधन की ओर से दिये जा रहे आवेदन को लेने से मना करने पर आवेदन एसएसपी, सिटी एसपी और सिटी डीएसपी को सौंपा गया.

**कैंपस में रह रहे लोगों पर मजदूरों से मारपीट का आरोप :** आवेदन में कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि कॉलेज कैंपस में सुबह सात बजे वहां अवैध रूप से रह रहे लोग और निर्माण कार्य कर रहे लोगों के बीच झड़प हो गई. इस दौरान परिसर में रह रहे लोगों ने ठेकेदार के मजदूरों व निर्माण कार्य में लगे लोगों के साथ मारपीट की. तोड़फोड़ किया गया. सीसीटीवी सहित अन्य समान तोड़ दिए गए. कॉलेज गेट में ताला लगा दिया, जिससे कॉलेज में चल रही डिग्री की प्रैक्टिकल और इंटर की वार्षिक परीक्षा देनेवाले परीक्षार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा. मारपीट की घटना के बाद से कॉलेज के शिक्षक और विद्यार्थी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं. पूर्व में भी कॉलेज प्रबंधन की ओर से अवैध कब्जे को लेकर लोअर बाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी जा चुकी है.

**कैंपस में रह रहे लोगों ने कहा- जबरन हटाने की कोशिश हो रही :** कॉलेज परिसर में रह रहे लोगों ने कहा कि वे वर्षों से अपनी जमीन पर रह रहे हैं. पहले कभी किसी ने कोई व्यवधान नहीं डाला. अब उन्हें जबरन हटाने की कोशिश की जा रही है. सुबह भी कॉलेज प्रबंधन की ओर से आये लोगों ने उनलोगों के साथ मारपीट की है. उनकी ओर से दिए गए आवेदन पर लोअर बाजार पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव को थाना बुलाया

इधर, देर शाम लोअर बाजार थाना की ओर से बुधवार को हुई हिंसक झड़प के मामले को लेकर संत पॉल्स कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव पीटर बारला को 41 ए के तहत नोटिस जारी किया गया है. जारी नोटिस में कहा गया है कि इस मामले में तथ्यों और परिस्थितियों का पता लगाने के लिए उनसे पूछताछ किया जाना उचित प्रतीत होता है. इसलिए पूछताछ के लिए वे 14 फरवरी की सुबह 11 बजे लोअर बाजार थाना में उपस्थित होकर सहयोग करें. यह भी कहा गया है कि इस कांड के किसी भी साक्ष्य के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं करेंगे. इस नोटिस में दी गई शर्तों का अनुपालन करेंगे अन्यथा आपकी गिरफ्तारी भी हो सकती है.

### पंचायत स्वयंसेवक 11 फरवरी से फिर करेंगे बेमियादी प्रदर्शन

**रांची।** पंचायत सचिवालय के स्वयंसेवक 11 फरवरी से अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर राजभवन के पास फिर से एक बार अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे. बुधवार को सरायकेला जिला के चांडिल डैम के पास बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया. इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने बताया गया कि जब तक पंचायत स्वयंसेवक लोगों की मांग कैबिनेट से पास नहीं की जाएगी. तब तक यह आंदोलन रुकने वाला नहीं है, क्योंकि ग्रामीण विकास मंत्री और विभाग के द्वारा सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है.

### ओम एक्वा कल्चर परिवार ने किया स्वागत



**रांची।** कडरू स्थित ओम एक्वा कल्चर के कार्यालय में पलामू के पूर्व सांसद सह भाजपा एससी मोर्चा के प्रभारी ब्रजमोहन राम व भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सदस्य डॉ संजय कुमार सिंह के झारखंड आगमन पर ओम एक्वा कल्चर परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया. मौके पर ओम एक्वा कल्चर के बीडीएम काविश शेख ने अतिथियों को बायोफ्लॉक तकनीक द्वारा मत्स्य पालन की विस्तृत जानकारी दी. काविश शेख ने कहा कि स्वरोजगार के लिए किसान भाइयों एवं आम जनता के लिए बायोफ्लॉक तकनीक काफी लाभकारी है.

### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष किशुन दास को जिम्मेवारी सौंपी

संवाददाता। रांची

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास का भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को स्वागत किया गया. प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी ने पगड़ी बांधकर नवनियुक्त मोर्चा अध्यक्ष को पद का दायित्व सौंपा है. बाउरी ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा का विशाल जनसमूह झारखंड में है और सभी एकजुट व समर्पित होकर पार्टी के लिए कार्य करें. उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि झारखंड प्रदेश में अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों के हितों की रक्षा हर हाल में की जाएगी. नवनियुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने कार्यकर्ताओं को बताया कि झारखंड में करीब 50 लाख की आबादी अनुसूचित जाति की है. यह उनकी जिम्मेवारी है कि सभी 50 लाख परिवारों की सेवा में उपलब्ध रहूं. वर्ष 2024 चुनावी वर्ष है, इसीलिए यह जिम्मेदारी और बढ़ जाती है. समाज के सभी लोगों को एकजुट कर साथ लेकर चलना है.

**पुण्य स्मरण** | जनता मजदूर संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रखर समाजवादी नेता थे हरिशंकर सिंह

# श्रमिक नेता हरिशंकर सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

संवाददाता। रांची

जनता मजदूर संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रखर समाजवादी नेता हरिशंकर सिंह को सीसीएल मुख्यालय के विचार मंच हॉल में बुधवार को श्रद्धांजलि दी गई. इसकी अध्यक्षता कमलेश सिंह ने की. उन्होंने हरिशंकर सिंह के छात्र और राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डाला. सभी ने हरिशंकर सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी. कार्मिक निदेशक हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि कोयला परिवार के लिए यह गौरव की बात है, कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के छात्र आंदोलन से निकले बहुत लोगों ने देश और राज्य की सेवा की, लेकिन हरिशंकर सिंह ने कोयला मजदूरों के लिए अपने आपको समर्पित कर दिया. विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि हरिशंकर सिंह जैसे लोग अपने आप में ट्रेड यूनियन के संस्थान थे, युवा पीढ़ी को उनके जीवन यात्रा से सीखने की जरूरत है. विधायक समरीलाल ने कहा कि वे हमलोगों के नेता थे और जब मैं राजनीति में आया तो उनसे बहुत कुछ सीखा, वे प्रखर समाजवादी और राष्ट्रवादी नेता थे.

शामिल सभी लोगों ने स्व. हरिशंकर सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. श्रद्धांजलि सभा में विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक समरीलाल, सीसीएल के कार्मिक निदेशक हर्षनाथ मिश्र, तकनीकी निदेशक बी साईराम, जेबीसीसीआई सदस्य लखनलाल महतो, आलोक गुप्ता, एसके चौधरी, नवनीत कुमार, आरआर शर्मा, एसके गोस्वामी, एसके सिंह, शाहीद जमाल, पीके सिन्हा, संजय सिन्हा, अशोक कुमार, ज्योति कुमार, दीपक गिरि, कविता गुप्ता, उत्तम यादव, राजूपासवान, संग्राम सिंह, नवी मियां, जैनुल आबेदीन, महेंद्र सिंह, अशोक सिंह, धर्मेन्द्र सिंह टुन्नी, विक्रम सिंह आदि शामिल थे. शोक सभा का संचालन सुखदेव प्रसाद व रवींद्रनाथ सिंह ने संयुक्त रूप से किया.




### सुरक्षा घेरे में कोर्ट परिसर लाए गए हेमंत सोरेन



बुधवार को रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट परिसर में सुरक्षा बलों के घेरे में आये पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन. यहां कोर्ट में उनकी ईडी की हिरासत अवधि को लेकर सुनवाई हुई. वे इसी तरह परिसर में आए और फिर वापस भी गए. फोटो : रमीज

### ब्रीफ खबरें

#### डीएसपीएमयू में आजसू छात्र संघ की हुई बैठक

**रांची।** आजसू छात्र संघ के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय इकाई की बैठक हुई. बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर छात्र आजसू प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा शामिल हुए. बैठक में संगठन मजबूती, संगठन विस्तारीकरण पर चर्चा हुई. साथ ही नए छात्रों को संगठन से जोड़ने पर जोर दिया गया. प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि आने वाले समय में आजसू पूरे प्रदेश में युवा छात्रों को एकजुट करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का काम करेगी. बैठक में छात्रों के द्वारा विश्वविद्यालय में उत्पन्न होने वाली समस्या पर चर्चा की गयी.

#### नीरजा डीएवी के छात्रों को मिली सीपीआर ट्रेनिंग

**रांची।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी स्कूल में आर्किड अस्पताल के विशेषज्ञों ने बच्चों को सीपीआर ट्रेनिंग दी. दिल का दौरा पड़ने पर आपातकालीन परिस्थिति में किसी को तत्काल दी जाने वाली विधि प्रक्रिया को सीपीआर विधि बताई गई. विशेषज्ञों ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ा हो और उसे सीपीआर दे दिया जाए तो उस व्यक्ति के जीवन की रक्षा करना सरल हो सकता है. आर्किड की आहार विशेषज्ञ सरोज श्रीवास्तव ने कहा तैयारी के दौरान स्वास्थ्य का समुचित ध्यान रखें.

#### मैट्रिक परीक्षा के दूसरे दिन 98% विद्यार्थी उपस्थित रहे

रांची। मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा दूसरे दिन भी सांतिपूर्वक संपन्न हुई. मैट्रिक परीक्षा के 19 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं. इन परीक्षा केंद्रों में कॉमर्स और होमसाइंस की परीक्षा हुई. कॉमर्स में 340 में से 339 छात्र उपस्थित रहे. वहीं होम साइंस में 1422 छात्रों में से 1405 छात्र उपस्थित हुए. इंटर के लिए 57 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे, जिसमें हिंदी ए, हिंदी बी और इंग्लिश ए की परीक्षा हुई. हिंदी ए में 12,459 विद्यार्थियों में से 12,218 विद्यार्थी शामिल हुए, वहीं हिंदी बी में 144 में से 142 और इंग्लिश ए में 11,483 में से 11,344 विद्यार्थी उपस्थित रहे.

#### एक्सपो ट्रेड फेयर में मिल रहे यूनिक आइटम

**रांची।** जागृति द्वारा मोरहाबादी मैदान में लगाये गये एक्सपो ट्रेड फेयर में पांच देशों समान उपलब्ध हैं. यहां अफगानिस्तान के ड्राईफ्रूटस् एवं थाइलैंड के कपड़े, बांग्लादेश की साड़ियां, मलेशिया के एसेसरीज उपलब्ध हैं. फेयर में घरेलू सजावट के समान, कपड़े , अलग-अलग तरह के अचार लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं. चंडीगढ़ के यूनिक आइटम, जिनमें अष्टधातु की मूर्तियां, चेस बोर्ड, ग्लोब, मार्बल के फ्लावर पॉट आदि लोगों को आकर्षित कर रहे हैं. चेस बोर्ड में जितने भी प्यादे हैं, अपने काम के अनुसार बने हुए हैं.

#### गुरु गोबिंद सिंह स्कूल 165 रन से हारा

**रांची।** धुर्वा स्थित गोलचक्कर मैदान में आयोजित खेले गए मैच में टेंडर हार्ट स्कूल की टीम ने गुरु गोविन्द सिंह स्कूल को 165 रनों से भारी अंतर से हरा दिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए टेंडर हार्ट ने 35 ओवरों में 287 रनों का स्कोर खड़ा किया. जिसमें आकाश पांडेय ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए टीम की ओर से 150 रन बनाए. वहीं अभिषेक ने 54 रनों का योगदान दिया. जवाबी पारी में गुरु गोविन्द सिंह स्कूल की टीम मात्र 122 रन बनाकर सिमट गई. टेंडर हार्ट के अविराज ने 4 जबकि नितिन और पृथ्वी ने 3-3 विकेट चटकाये.

मैथिली मंच के विद्यापति दलान पर हिंदी के वरिष्ठ रचनाकार हरि भटनागर के उपन्यास के मैथिली अनुवाद का हुआ लोकार्पण

# एक छलि मैना, एक छल कुम्हार का लोकार्पण

संवाददाता। रांची



**जुटे साहित्यकार**
- सुस्मिता पाठक ने किया उपन्यास का मैथिली अनुवाद
- हिंदी एवं मैथिली के विशिष्ट रचनाकारों ने लिया भाग

रांची के हरमू स्थित झारखंड मैथिली मंच के विद्यापति दलान पर हिंदी के वरिष्ठ रचनाकार हरि भटनागर के उपन्यास के मैथिली अनुवाद एक छलि मैना एक छल कुम्हार का लोकार्पण हुआ, जिसमें हिंदी एवं मैथिली के विशिष्ट रचनाकारों की उपस्थिति थी.

हरि भटनागर के इस उपन्यास का मैथिली में अनुवाद कथाकार सुस्मिता पाठक ने किया है. लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं रांची दूरदर्शन के पूर्व निदेशक डॉ प्रमोद कुमार झा ने कहा कि इस उपन्यास में कथाकार ने समाज के निचले पायदान पर जीने वाले लोगों के संघर्ष की कथा को बहुत ही मार्मिक एवं कलात्मक रीति से प्रस्तुत किया है. साथ ही इस शानदार उपन्यास का उतना ही उत्कृष्ट अनुवाद सुस्मिता पाठक ने किया है. मैं मूल उपन्यासकार हरि भटनागर एवं अनुवादिका सुस्मिता पाठक को बधाई देता हूं. आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने इसे मैथिली पाठकों के लिए उपलब्ध कराया. 'भारती मंडन' पत्रिका के लब्धप्रतिष्ठ संपादक एवं साहित्यकार केदार कानन ने कहा कि समाज के निम्न वर्गीय लोगों को सभी बहलाते-फुसलाते रहते हैं और वह दमनकारी सत्ता प्रतिष्ठान की क्रूरता के आगे वह बार-बार पराजित होता रहता है. यही नहीं, उसके अपने समाज के लोग भी उसकी खिल्ली उड़ाते हैं, लेकिन बहुत थोड़े से लोग जरूर उनके सुख-दुख में सहभागी होते हैं. इस उपन्यास की कथा वस्तु, शिल्प संरचना अनूठी है और मैना एवं गदहे के माध्यम से यह उपन्यास एक बड़े विमर्श को पाठकों के सामने रखने में सफल है.

वरिष्ठ कवि, गीतकार एवं निबंधकार डॉ महेंद्र ने कहा कि हरि भटनागर एक अच्छे कथाकार एवं संपादक हैं और सुस्मिता पाठक भी मैथिली की चर्चित कथाकार हैं. दोनों के रचनात्मक कौशल से मैथिली मे जो उपन्यास का पाठ सामने आया है, वह बेहद पठनीय है और पाठकों को रचनात्मक आस्वाद प्रदान करता है. निम्न वर्गीय समाज के व्यक्ति पर केंद्रित यह साहित्यिक कृति विचारोत्तेजक है. कथाकार अमरनाथ झा ने कहा कि इस उपन्यास की भाषा मनोहारी, पठनीय और वैचारिक है.

# बीएचयू में 2 से 4 मार्च तक लगेगा एग्रोटेक कृषि मेला

संवाददाता। रांची

बीएयू के कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे ने बताया कि इस वर्ष मेला का थीम कृषि नवाचारों द्वारा पोषण आय और रोजगार संवर्धन रखा गया है. मेला में लगने वाले लगभग सवा सौ पंडालों में बीएयू के विभिन्न विभागों, संकायों, क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रों, कृषि विज्ञान केन्द्रों के अलावा राज्य के आईसीएआर के संस्थानों, राज्य सरकार के कई विभागों, बैंकों, बीमा कम्पनियों, स्वयंसेवी संगठनों और कृषि उत्पादों के निर्माताओं व विक्रेताओं द्वारा अपनी तकनीकों, उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित किया जाएगा.

उन्होंने आगे कहा कि मेला में हजारों की संख्या में आने वाले किसान भाई-बहन, कृषि अधिकारी, प्रसार कार्यकर्ता तथा कृषि विकास के अन्य हितधारक नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ अपने ज्ञान एवं अनुभव का आदान-प्रदान भी करेंगे. फल, फूल, सब्जी, मसाले, औषधि सुगंधित एवं सजावटी पौधों तथा बागवानी फसलों के प्रसंस्कृत पदार्थों से युक्त एक भव्य बागवानी प्रदर्शनी तथा गोवंश, भैंस, भेड़, बकरी, सूअर, मुर्गी, बत्तख आदि से युक्त पशु पक्षी प्रदर्शनी का भी आयोजन इस तीन दिवसीय मेला में किया जाएगा. मेला के दूसरे दिन महिला कृषक संगोष्ठी होगी. विभिन्न जिलों से आने वाले किसान जीवंत प्रौद्योगिकी को प्रत्यक्ष देखने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय के टेक्नोलॉजी पार्क तथा विभिन्न प्रक्षेत्रों का भ्रमण भी करेंगे.

मदरसा इस्लामिया रांची के प्राचार्य मौलाना शुजाउल हक ने कहा

# वर्ष 1927 में इस्लामिया को मिली थी सरकारी मान्यता

रेहान अहमद। रांची




**बोले हक**
- आजाद द्वारा स्थापित मदरसे में 2011 तक मदरसा चलता रहा
- कालांतर में मदरसे को मौलाना आजाद कॉलेज का रूप दिया गया

देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद ने राजधानी में शिक्षा की जरूरत को महसूस करते हुए 1917 में रांची के अपर बाजार में मदरसा इस्लामिया की स्थापना की. मदरसा इस्लामिया के सेवानिवृत शिक्षक मौलाना हम्माद कासमी ने कहा कि मौलाना आजाद ने मदरसे की इमारत की तामीर के लिये अपनी अहेलया (धर्म पत्नी) के जेवर को बेच एवं अन्य पैसों को जोड़ कर राजधानी के बच्चों के भविष्य के लिये मदरसे को रूप दिया. मौलाना आजाद ने यह सब रांची में नजरबंदी के जमाने में किया. मौलाना आजाद एक शिक्षित समाज, देश की स्थापना करना चाहते थे. उनका मानना था कि शिक्षा के बूते ही घर, परिवार, समाज, देश व दुनिया की प्रगति तीव्र गति से हो होगी. आज के बच्चे ही कल भविष्य में राज्य व देश का उत्थान अपनी पाई तालीम के बदौलत ही कर सकेंगे, यह बात सोलहा आना सच भी है.

मदरसा इस्लामिया रांची के प्राचार्य मौलाना शुजाउल हक ने कहा कि आजादी से पूर्व मदरसा इस्लामिया को 1927 में सरकारी मान्यता मिली. मौलाना आजाद द्वारा स्थापित मदरसे में 2011 तक मदरसा चलता रहा. इसी बीच मदरसे को मौलाना आजाद कॉलेज का रूप दिया गया. पूर्व में ऊपर के तल्ले पर मदरसा चलता था व उसके बाद नीचे मौलाना आजाद कॉलेज चलने लगा. जगह की कमी को देखते हुए मदरसे को अंजुमन इस्लामिया के मेन रोड स्थित कैंपस में तैयार करने की राय बनी. अंजुमन इस्लामिया के पदधारियों एवं सदस्यों ने पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की से मिल कर मदरसे के निर्माण के लिये अपनी बात रखी. इस तरह 2008 में मेन रोड अंजुमन इस्लामिया के कैंपस के उपरी फ्लोर में मदरसे तामीर के लिये जगह दी गई. जहां जी 3 फ्लोर तैयार किया गया. मदरसे के लिये 24 रूम बनाये गये. इस तरह निर्मित नये मदरसा इस्लामिया में 2011 में बच्चों को सिफ्ट किया गया. यहां मदरसे में बच्चों को उर्दू, अर्बी के साथ हिंदी, इंग्लिश व गणित की शिक्षा भी दी जाती है. वर्तमान में यहां 400 बच्चे निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं. मदरसे में बच्चों को बेहतर व्यवस्था दी जाती है.

[redacted]

**पहली कक्षा से एमए तक की पढ़ाई होती है**

| | |
|---|---|
| मदरसा | कक्षा |
| वस्तानिया | कक्षा 8 |
| फौकानिया | मैट्रिक |
| मौलवी | इंटर |
| आलिम | बीए |
| फाजिल | एमए |
| फाजिल | एमए |

**फिलहाल मदरसे में रह रहे हैं 30 बच्चे**

मदरसे में गुमला, लोहरदगा, खूंटी, रांची व आस पास के बच्चे तालीम प्राप्त कर रहे हैं. इस समय यहां 30 बच्चे रहते हैं. अन्य 370 बच्चे पढ़ कर अपने घर चले जाते हैं. बच्चों की पढ़ाई दिन के 10 बजे से संध्या 4 बजे तक नियमित होती है. यहां बच्चों को सरकारी पहल पर दोपहर का भोजन दिया जाता है. सप्ताह में दो दिन अंडा एवं चार दिन सब्जी दाल-चावल दिया जाता है. अन्य दो वक्त का भोजन मदरसा अपने ओर से प्रबंध कर बच्चों को खिलाया जाता है. मदरसे में 5 शिक्षक हैं, तीन शिक्षक जैक की ओर से नियुक्त किये गये हैं, वहीं 2 शिक्षक एसपीक्यूएम की ओर से नियुक्त किये गये हैं. जैक के शिक्षकों का वेतन नियमित भुगतान किया जाता है. किंतु एसपीक्यूएम शिक्षकों का वितन लंबे समय से बकाया है. शिक्षक जयाउल आसिफ ने कहा कि 2012 में एसपीक्यूएम की ओर से मदरसे में अंग्रेजी शिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया.

सलाहकारों ने पॉक्सो अधिनियम के विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला

# डीएवी हेहल में पॉक्सो कानून पर जागरुकता के लिए कार्यशाला

संवाददाता। रांची



डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में विद्यार्थी-अभिभावक एवं शिक्षकों के लिए पॉक्सो कानून के प्रति जानकारी और जागरूकता के लिए सेमिनार-सह सलाहकार परिचर्चा का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम में पॉक्सो एक्ट के सलाहकार और विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार (डी एम नियोनेट), प्रोफेसर प्रकृति सिन्हा (क्लीनिकल साइक्लोजिस्ट), संगम कुमार (एडिश्नल पब्लिक प्रोसक्यूटर, झारखण्ड उच्च न्यायालय), एडवोकेट अभिनय प्रीत (झारखण्ड उच्च न्यायालय) एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर एम के सिन्हा (सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड ज़ोन-B) शामिल हुए. इस अवसर पर सभी सलाहकारों ने पॉक्सो अधिनियम एवं बाल-मनोविज्ञान के विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि बच्चों की मनोदशा को कैसे समझा जाए, अगर उसके साथ कुछ अप्रिय घटना या अनहोनी घटित हो जाए तो उस वक्त हमारी भूमिका क्या होनी चाहिए. हम बच्चों से कैसे खुल कर बात करें, मेडिकल एवं कानूनी प्रावधान क्या हैं, विद्यालय में इसे लेकर व्यवस्था आदि समेत सभी पहलुओं पर विस्तृत परिचर्चा हुई. प्राचार्य एम के सिन्हा ने कहा कि बच्चों को बोल्ड एवं कॉन्फिडेंट बनाने एवं उनमें आत्मविश्वास भरने की जरूरत है. आज एकाकी परिवारिक व्यवस्था के कारण बच्चे घर के बड़े-बुजुर्गों के साथ सानिध्य स्थापित नहीं कर पाते, जिसके कारण उनके संस्कारों में कमी देखने को मिल रही है.

#### 12 फरवरी को होगा मुंडा समाज का महासम्मेलन

**रांची।** पिठोरिया के सुतियांबे में 12 फरवरी को मुंडा समाज का महासम्मेलन होना है. इसकी तैयारी जोरशोर से चल रही है. गांव से लेकर शहर तक मुंडा समुदाय के लोगों को जागरूक किया जा रहा है. मुंडा समाज ने सीएम चंपाई सोरेन से झामुमो- कांग्रेस के किसी भी विधायक को मंत्रिमंडल में जगह देने की मांग की है. खूंटकटी मुंडा धर्मसभा के सचिव बसंत पाहन ने कहा कि मुंडा समुदाय इस राज्य का खूंटा व बुनियाद है. यह धरती आबा बिरसा मुंडा की धरती है. नये सीएम चंपाई सोरेन से उम्मीद है कि वे मंत्रिमंडल में मुंडा समुदाय के किसी विधायक को अवश्य जगह देंगे.

# मेहनत और बौद्धिक युक्ति से मिलती है सफलता: डॉ. तापस

संवाददाता। रांची



सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से शुरू हो रही है. ऐसे में परीक्षा शुरू होने में 10 दिन से भी कम समय बच गया है. बोर्ड परीक्षा को लेकर डीएवी बरियातू के प्राचार्य डॉ. तापस घोष ने छात्रों से जरूरी टीप्स साझा किए हैं. प्राचार्य ने बताया कि बोर्ड परीक्षा उस परीक्षा जैसी ही है जिसे आप अपने विद्यालयों में देते आए हैं. फर्क बस इतना है कि इस परीक्षा के परिणाम का विशेष महत्व है, फिर भी सफलता वास्तविक प्रयासों से ही मिलती है. इसलिए परीक्षा की तैयारी हेतु एक रुटीन बनाएं. रात में देर तक नहीं पढ़ें. सुबह जल्दी उठें. आपने जो भी पढ़ा है उसका दुहराव करें ताकि उसमें से पूछे गए प्रश्नों का शत प्रतिशत उत्तर दे सकें. लिख-लिख कर अभ्यास करें जिससे लिखने की गति बनी रहे और परीक्षा में सारे प्रश्नों का उत्तर सुस्पष्ट और आवश्यक स्टेप्स के साथ लिख सकें. परीक्षा के दिन अपने केन्द्र पर 9:30 तक पहुंच जाएं.

मुस्लिम समाज में लड़कियों को पढ़ाने में लोग अब रुचि लेने लगे हैं

# मुस्लिम लड़कियां पा रहीं हैं मुकाम

संवाददाता। रांची




मुस्लिम समाज ही क्या, अन्य वर्गों में भी पूर्व में लोग शिक्षा के मामले में लड़कों पर अधिक जोर देते थे. लड़कियों को छोटे स्कूलों में वह भी कक्षा पांच तक ही पढ़ने की छूट होती थी. बहुत मुश्किल से लड़कियां मैट्रिक तक की पढ़ाई कर पाती थीं, लेकिन जैसे जैसे लोगों के बीच शिक्षा के प्रति जागरूकता आयी, लड़कियों को पढ़ाने में लोग रुचि लेने लगे. जैसे जैसे लोगों को शिक्षा का महत्व समझ में आने लगा, लोग लड़कों के साथ लड़कियों को भी अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाने के प्रयास में लग गये हैं. इसके बूते मुस्लिम समाज की लड़कियां शिक्षा जगत में कई कीर्तिमान स्थापित कर रही है. आज 21वीं सदी में लड़कियां लड़कों को पछाड़ते हुए उनसे आगे निकल रही हैं.

**जोया आलम ने स्थापित किये कई कीर्तिमान:** अंजुमन इसलामिया अस्पताल के उपाधीक्षक एमएम आलम की भतीजी जोया आलम ने उत्कृष्ट शिक्षा के क्षेत्र में कई कीर्तिमान स्थापित किया है. 2017 में बीएससी में जूलॉजी ऑनर्स, गॉस्नर कॉलेज रांची में 82.25 फीसदी के साथ रांची विश्वविद्यालय की टॉपर बनी. 2019 में जोया ने एमएससी में जूलॉजी और रांची विश्वविद्यालय से सीजीपीए 8.22, 86.13 फीसदी अंकों के साथ विश्वविद्यालय टॉपर बनी और गोल्ड मेडल का खिताब अपने नाम किया.

#### सीसीएल ने किया स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन

**रांची।** पिस्का नगड़ी स्थित आदर्श वृद्धाश्रम में सीसीएल जन आरोग्य केंद्र द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा वृद्धजनों की सांस में हो रही तकलीफ की जांच की गयी तथा चिकित्सीय सलाह दी गयी. इसके साथ ही मधुमेह, ईसीजी, हीमोग्लोबीन एवं हाइपरटेंशन की भी जांच की गयी. बता दें कि गरीब ग्रामीणों के स्वास्थ्य के प्रति जन सेवा की भावना से कंपनी द्वारा समय-समय पर विभिन्न गांवों में ऐसे शिविर का आयोजन किया जाता है. शिविर में सीएमएस (इंचार्ज) सीसीएल डॉ. रत्नेश जैन, सीएमओ डॉ. प्रीति तिग्गा, सीएसआर इंचार्ज डॉ. राज कुमार, सीएमओ, डॉ. अनीता होरो, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. अम्बरीष कुमार, डॉ. दीपाली, डॉ. शंकर प्रसाद, डॉ. महेश, डॉ. स्मिता एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित थे.

# साकेत ने झारखंड को गौरवान्वित किया

संवाददाता। रांची




24 की उम्र में ही एशिया यूथ इंटरनेशनल माडल संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में चयनित होकर झारखंड के साकेत ने कीर्तिमान स्थापित कर दिया.एशिया यूथ इंटरनेशनल के सचिव जोनास ब्रंस ने साकेत को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है. इस वर्ष 26 जनवरी से 29 जनवरी तक मलेशिया के कुआलालंपुर में एशिया यूथ इंटरनेशनल माडल संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसमें भारत से कुल 28 युवा प्रतिभागियों भाग लिया था. यह संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का एक प्रारूप होता है, जिसमें पूरे विश्व से प्रतिभाशाली युवा प्रतिभागियों को सीखने और समझने के लिए एक मंच दिया जाता है.

इसमें यूएनएसओ, यूनीसेफ, इंटरपोल, अंडर जैसी बड़ी बड़ी कमेटियां होती हैं. इनमें 15 से 25 वर्ष के युवा ही भाग ले सकते हैं. जिन्होंने जिस क्षेत्र में शोध किए होते हैं, उन्हें उसी विषय पर अपना मॉडल पेश करना होता है. प्रतिभागियों को अनुसंधान, सार्वजनिक रूप से बोलना, बहस करना, लिखना, आलोचनात्मक सोच, टीम वर्क व नेतृत्व जैसे कौशल सीखने का मौका मिलता है. प्रतिनिधि सम्मेलनों से पहले शोध करते हैं, इसमें प्राथमिक विद्यालय से लेकर कॉलेज या विश्वविद्यालय स्तर तक के छात्रों को शामिल किया जाता है. प्रत्येक छात्र एक देश, संगठन या व्यक्ति के प्रतिनिधि के रूप में काम करता है और उसे दुनिया भर के अन्य प्रतिनिधियों के साथ समस्या का समाधान करना होता है. राजधानी रांची में पले बढ़े साकेत ने दोहा कतर का प्रतिनिधित्व किया और अपने शोध के आधार पर कतर की समस्या पर विस्तृत प्रकाश डाला.

**नवरात्र** गुप्त नवरात्र में श्रद्धालु नौ दिनों तक व्रत-उपवास कर मां को रिझाएंगे

# गुप्त नवरात्र 10 से, तंत्र साधना कर सिद्धि पाएंगे साधक

राजन बॉबी। रांची



**साधक तैयार**
- रजरप्पा शक्तिपीठ में लगेगा तांत्रिकों का जमावड़ा
- गोड्डा बारकोपा के मां योगिनी मंदिर में भी जुटते हैं तांत्रिक

गुप्त नवरात्र दस फरवरी से प्रारंभ हो रहा है. श्रद्धालु नौ दिनों तक व्रत-उपवास कर मां को रिझायेंगे. माना जाता है कि इस मौके पर दस महाविद्याओं का नेम-निष्ठा से पूजा-अर्चना करने वालों की सभी मनोरथ पूरी होती है. इसी भाव से तंत्र साधकों के साथ कुछ आम भक्त भी गुप्त रूप से मां की आराधना में लिन रहते हैं. इस बार माघ शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को शक्ति पीठों में साधकों का जमावड़ा लगेगा.

कई लोग घरों में भी घट स्थापित कर मां के नौ स्वरूपों की पूजा करेंगे. आचार्य अजय मित्र बताते हैं कि सिद्धियां प्राप्त करने का यह बेहतर मौका होता है. पंचाग के अनुसार साल में चैत्र, आश्विन, आषाढ़ और माघ माह चार बार नवरात्र आती है, जिसमें चैत्र और आश्विन माह की नवरात्रि पर सामान्य लोग व्रत रखते हैं, पर आषाढ़ और माघ माह में पड़ने वाली नवरात्रि का व्रत ज्यादातर तांत्रिक क्रिया करने वाले ही धारण करते हैं. यह हवन, तांत्रिक मंत्र का जाप, शाबर मंत्र का जाप, ध्यान, हठ योग और कठिन उपवास करके सिद्धि प्राप्त करने का उत्तम समय होता है. उन्होंने बताया कि इस बार गुप्त नवरात्र में रवियोग और स्वार्थसिद्धि योग का संयोग मिलने से इसका मान और भी बढ़ गया है. मां दुर्गा की पूजा-उपासना करने वालों की सभी कामनाएं पूरी होंगी. आचार्य अजय ने बताया कि इस बार प्रतिपदा तिथि दस फरवरी को सुबह 04:28 से शुरू हो जायेगा, जो दूसरे दिन रविवार को दोपहर 12:47 तक रहेगा. घट स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 08:09 से 09:43 बजे तक है. अभिजीत मुहूर्त दिन के 11:38 बजे से दोपहर 12:24 बजे तक रहेगा. इस बीच घट स्थापना करना ज्यादा श्रेष्कर है. साधक मां के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना के साथ दस महाविद्या की भी आराधना करेंगे. मां काली, मां तारा, त्रिपुर सुंदरी, मां भुवनेश्वरी, मां त्रिपुर भैरवी, मां धूमावती, मां बगलामुखी, मातंगी माता, कमला देवी इनमें मुख्य हैं. गुप्त नवरात्र में रजरप्पा छिन्नमस्तिका मंदिर, गोड्डा बारकोपा स्थित मां योगिनी के प्राचीन मंदिर सहित बंगाल के तारा पीठ में भी साधकों और तांत्रिकों का जमावड़ा लगेगा.

#### यूजीसी ने उच्च शिक्षा में विकास के लिए किया समिति का गठन

**रांची।** यूजीसी हर दिन उच्च शिक्षा को ले कर कोई ना कोई बदलाव करते रहती है. इस क्रम में फिर से एक और रोड मैप तैयार किया है. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने उच्च शिक्षा में विकास के लिए एक समिति का गठन किया है. इसके लिए गाइडलाइन जारी किया है. इसके लिए यूजीसी ने एक प्लान तैयार किया है. इस पलान में शैक्षणिक संस्था का विकास कैसे किया जाए इस पर काम किया जाएगा, वहीं उच्च शिक्षण संस्थान का मार्गदर्शन भी करेगी. शैक्षणिक गुणवता और रिसर्च को बढ़ावा देने और नए नए टेक्नॉलोजी को अपनाना है. जारी गाइडलाइन के अनुसार सामाजिक विज्ञान, विज्ञान और व्यवसाय समेत अन्य क्षेत्रों में एकेडमिक शिक्षा में लीड करना है.

# एजी चर्च में संडे स्कूल के शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

संवाददाता। रांची



झारखंड डिस्ट्रिक्ट काउंसिल ऑफ एजीएन के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हुआ. यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कांटा टोली के थियोलोजिकल सेन्टर (एजीचर्च पुराना कैम्पस) आयोजित किया गया था. प्रशिक्षण में एजीचर्च झारखंड के 75 संडे स्कूल शिक्षक शिक्षिका शामिल हुए. प्रशिक्षक के रूप में रेव्य स्टेनली वार शिलॉग, मेघालय से आए थे. प्रशिक्षण में कई बिन्दुओं पर जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्ष 1 से 7 की उम्र में मस्तिष्क बहुत सक्रिय होता है. इस उम्र में बच्चों को जो कुछ भी सिखाया जाता है, उन्हें वे जीवनभर स्मरण रखते हैं. शब्द रहित पुस्तक के उपयोग से बच्चों को सुसमाचार बता सकते हैं. यह सुसमाचार चित्र बनाकर, कहानियां सुना कर, जो भी वस्तुएं हमारे आस पास उपलब्ध हैं, उन्हीं से जोड़कर यीशु मसीह के बारे में बताने के रूप में हो सकता है. परमेश्वर के वचनों का स्मरण कराना जरूरी है, ताकि वे अपने जीवन भर सही मार्ग पर चलें और यीशु मसीह का अनुसरण करें. इस अवसर पर पास्टर राम लाल मराण्डी, भाई आनंद एक्का, भाई रामू तिर्की बहन प्रिया, बहन स्वाति इत्यादि युवा मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### सीएम से बंधु, शिल्पी और रतन तिर्की मिले



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से बुधवार की शाम मांडर विधानसभा विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष बंधु तिर्की और पूर्व टीएसी सदस्य रतन तिर्की ने मुलाकात की. उन्होंने सीएम को बधाई भी दी. रतन तिर्की ने बताया कि मुख्यमंत्री से सामाजिक मुद्दों पर बातचीत हुई.

### कांटाटोली में गलोस ऑटो इस्पा का उद्घाटन

**रांची।** कांटाटोली में ग्लोस ऑटो स्पा का उद्घाटन मुफ्ती सलमान कासमी, प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता खुर्शी हसन रुमी , हाफिज अबुबकर ने संयुक्त रूप से किया. मौके पर सेंटर के संचालक शाहनवाज आलम, रजी अहमद ने कहा कि वाशिंग सेंटर में चार पहिया व दो पहिया वाहनों की धुलाई आधुनिक तरीके से होगी. पूरी धुलाई उचित मूल्य पर की जाती है. मौके पर मुफ्ती शहाबुद्दीन, सोहेल, मेराज उद्दीन, मिन्हाज, मो अली, मो ओसामा, आफताब, मो अनस, सिबगतुल्लाह, हाफिज सईद आदि शामिल थे.

### सिदो कान्हू खेल क्लब के सदस्यों का चयन

**बेड़ो।** प्रखंड में बुधवार को प्रखंड स्तरीय सिदो कान्हू युवा खेल क्लब के सदस्यों का चयन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ संग्राम मुर्मू, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, विधायक प्रतिनिधि करमा उरांव, फुटबॉल कोच अनमोल टोप्पो, विभिन्न पंचायत के मुखिया, जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे. बैठक में लॉटरी सिस्टम के माध्यम से प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया. इसमें अध्यक्ष दिघिया पंचायत के अमित लकड़ा, उपाध्यक्ष नेहालु पंचायत के मुकेश माली एवं सचिव तुतलो पंचायत के मोती उरांव बने.

### गांव चलो अभियान के तहत भाजपा की बैठक

**नामकुम।** भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा के नेतृत्व में बुधवार को मंडल के सभी शक्ति केंद्रों के प्रवासी एवं बूथ संयोजकों का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया. इसमें मुख्य रूप से भाजपा रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, पूर्व विधायक रामकुमार पहान, जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक, मंडल प्रभारी सुधाकर चौबे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री गोरखनाथ सिंह और धन्यवाद ज्ञापन अभियान के संयोजक रामावतार केरकेट्टा ने किया. मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, शंकर सिंह मुंडा, गोपाल चौधरी, रमेश लकड़ा, प्रकाश मंडा, सूर्यकांत मुंडा, प्रज्ञा भारती, राजू लकड़ा, विजेंद्र राय, समीर राय, संजय सिंह, रितेश उरांव, अंजलि लकड़ा, हरीश कुमार गंजू, सरोज राय, संतोष पांडा, जीतन देवी, सोहराई पहान, मोनू मिश्रा, मुन्ना बड़ाईक, रामसहाय मुंडा, नरेश साहू, सुजीत सिन्हा, सुबोध सिंह आदि मौजूद थे.

### राजकीय प्रा. विद्यालय कोंयसारा रहा प्रथम

**लापुंग।** प्रखंड के संकुल संसाधन केंद्र ककरिया में सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता, संकुल संसाधन केंद्र लेटे में मनोज कुमार साहु एवं संकुल संसाधन केंद्र मालगो खास में मंटु कुमार साहु की देखरेख में अलग-अलग संकुल स्तरीय कूकिंग प्रतियोगिता हुई. इसमें संकुल के विभिन्न विद्यालयों के रसोईयों ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोंयसारा को प्रथम और राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया को द्वितीय स्थान मिला. मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य बांदे हेरेंज ने कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा झारखंड शिक्षा परियोजना ने अपने प्रयासों से गांवों में चल रहे विद्यालयों में मिड डे मील में नवाचार का प्रयोग करते हुए पौष्टिक भोजन का निर्माण किया जा रहा है. वहीं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी ने कहा कि मिड डे मील बनाने वाली रसोईया एवं संयोजिकाओं में प्रतियोगिता के द्वारा नई उर्जा भरी जा रही है.

## अस्पताल में मात्र दो महिला चिकित्सक, बंध्याकरण ऑपरेशन के लिए महिलाओं की लगती है भीड़

# सिल्ली सामुदायिक अस्पताल में चिकित्सकों की भारी कमी

संवाददाता। सिल्ली/मुरी



**समस्या गंभीर**

- डॉक्टर की कमी के कारण ऑपरेशन की गति धीमी
- रेफरल अस्पताल प्रभारी ने भी माना, डॉक्टरों की है कमी

सिल्ली सामुदायिक अस्पताल में महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन मात्र दो महिला चिकित्सकों के सहारे किया जा रहा है. इसमें एक महिला डॉक्टर प्राइवेट एवं दूसरी सरकारी हैं. इस अस्पताल में सिल्ली के आसपास गांव से और पश्चिम बंगाल से भी महिलाएं आती हैं. बंध्याकरण ऑपरेशन कराने के लिए आने वाली महिलाओं में ज्यादातर पश्चिम बंगाल की रहती हैं. इस क्षेत्र का यह एकमात्र सरकारी अस्पताल है, जो ग्रामीणों का सहारा बनता है.

इस अस्पताल में बंध्याकरण शुरू होते ही सैकड़ों की संख्या में महिलाओं की भीड़ देखी जाती है. डॉक्टर की कमी के कारण ऑपरेशन की गति धीमी रहती है. वहीं इस अस्पताल में सीजर करने की भी व्यवस्था उपलब्ध है. लेकिन, महिला एवं पुरुष दोनों डॉक्टरों की कमी है. इस संबंध में सिल्ली रेफरल अस्पताल प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार से पूछने पर उन्होंने बताया कि बंध्याकरण ऑपरेशन को देखते हुए सिल्ली सीएचसी में एक प्राइवेट डॉक्टर को भी रखा गया है, जबकि एक सरकारी डॉक्टर यहां पदस्थापित हैं. डॉक्टर की कमी के कारण विशेष कर महिला मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है.

> सिल्ली सामुदायिक अस्पताल में एक चिकित्सक को प्रतिनियुक्त किया गया है. हम प्रयास कर रहे हैं कि ऑपरेशन को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा महिला डॉक्टर को सिल्ली समुदायिक अस्पताल में प्रतिनियुक्त कर पाएं. अस्पताल में डॉक्टर की कमी को जल्द से जल्द दूर किया जाएगा.
>
> – प्रभात कुमार
> सिविल सर्जन, रांची

उन्होंने कहा कि इस संबंध में रांची सिविल सर्जन को सूचना दी गई है.

## गढ़वा में पदाधिकारियों का अजब-गजब कारनामा

# लक्ष्य से अधिक कूपों की दी मंजूरी, 10 बीडीओ को शोकॉज

**गिरी गाज**

- डीडीसी ने तीन दिनों में सभी बीडीओ से मांगा स्पष्टीकरण
- पूछा– आखिर पदाधिकारियों के निर्देश की अवहेलना क्यों

अरुण कुमार यादव। गढ़वा

गढ़वा के प्रखंड विकास पदाधिकारियों का अजब-गजब कारनामा सामने आया है. पदाधिकारियों ने मनरेगा व राज्य मद से क्रियान्वित बिरसा सिंचाई कूप योजना में वरीय पदाधिकारियों के आदेश की अवहेलना करते हुए निर्धारित लक्ष्य से अधिक कूपों की स्वीकृति दे दी है. मामला उजागर होने के बाद डीडीसी ने जिले के भंडरिया, मेराल, डंडा, रमना, श्री बंशीधर नगर, मझिआंव, खरौंधी, बिशुनपुरा, धुरकी एवं भवनाथपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारियों पर गाज गिरी है. सभी को शोकॉज किया गया है.

डीडीसी ने तीन दिनों में स्पष्टीकरण मांगते हुए इस कृत्य के लिए विभाग को कार्रवाई के लिए लिखने की भी चेतावनी दी है. डीडीसी सह अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक राजेश कुमार राय ने संबंधित बीडीओ से स्पष्टीकरण में यह पूछा है कि आखिर किन परिस्थितियों में वरीय पदाधिकारियों के निर्देश की अवहेलना करते हुए निर्धारित लक्ष्य से अधिक बिरसा सिंचाई कूप की स्वीकृति दे दी गई.

### लाभुकों का आरोप- खूब हुई वसूली



लाभुक मंटू पांडेय, शैलेश कुमार ने बताया कि योजनाओं में खूब वसूली हुई है. प्रति कूप 10 से 15 हजार रुपये की वसूली की गई है. जो राशि देने को तैयार हुआ, उसी का नाम योजना की लिस्ट में डाला गया. लाभुकों ने ग्राम स्तर से लेकर प्रखंड स्तर के कर्मियों और पदाधिकारियों पर मनमानी और वसूली का आरोप लगाया है. लाभुकों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की गई तो कई तथ्य उजागर होंगे.

### जिले के 10 प्रखंडों में अधर में लटक सकता है बिरसा सिंचाई कूप निर्माण

गौरतलब है कि राज्य मद के अभिसरण से निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रति कूप 50000 रुपये आवंटित किया जाना है. यदि निर्धारित लक्ष्य से अधिक स्वीकृत किया जाता है तो राज्य मद के अभिसरण से दी जाने वाली 50000 रुपये की राशि का आवंटन नहीं हो पाएगा व योजना का क्रियान्वयन में भी समस्या उत्पन्न होगी.

## स्थाई अधिकारियों की नियुक्ति हो : प्रतुल



- प्रतुल शाहदेव ने चंदवा प्रखंड के लिए सीएम से की मांग
- प्रशासनिक अधिकारियों की कमी से प्रभावित है चंदवा, राज्य सरकार नहीं दे रही है ध्यान

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने चंदवा प्रखंड में स्थाई अधिकारियों की नियुक्ति की मांग मुख्यमंत्री से की. भाजपा के प्रदेश प्रतुल शाह देव ने ट्वीट कर कहा है कि उनके गृह प्रखंड चंदवा लगातार प्रशासनिक अधिकारियों की कमी से प्रभावित रहा है. ऐसा लगता है कि पूरे राज्य सरकार का चंदवा पर ध्यान ही नहीं है. प्रतुल ने कहा कि वर्तमान में बालूमाथ के बीडीओ चंदवा बीडीओ के प्रभार में, चंदवा के सीओ सीडीपीओ के अतिरिक्त प्रभार में, लातेहार की बीईईओ चंदवा के प्रभार में, वन क्षेत्र पदाधिकारी का पद भी प्रभार में चल रहा है, प्रखंड कृषि पदाधिकारी व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के पद पर जनसेवक प्रभार में है. प्रतुल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि चंदवा में बीडीओ की अविलंब स्थापना हो. साथ ही प्रभार में चल रहे पदों पर स्थाई अफसरों की प्रतिनियुक्ति हो. याद दिलाते चलें कि चंदवा किसी समय घोर उग्रवाद प्रभावित प्रखंड था और सरकार ने उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के लोगों को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए बड़ी योजनाएं चलाई थी. इन योजनाओं की क्रियान्वयन में भी इन अधिकारियों की कमी के कारण परेशानी आ रही है.

### क्राउंड लायंस ने लगाया दंत जांच चिकित्सा शिविर

**कांके।** कांके के पतरागोंदा गांव स्थित श्रीश्री ज्ञान मंदिर में सामाजिक संस्था क्राउड लायंस एवं रिलेशन्स की ओर से निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कई बच्चों की दांतों की जांच की गई. शिविर में बच्चों की दोंतो की रूप से निःशुल्क दी गई. मौके पर संस्था की ओर से बच्चों के बीच टूथपेस्ट व टूथब्रश बांटे गए. डॉ. सौम्या ने कहा कि दांतों को सुरक्षित रखने के लिए वैसे दार्थों से परहेज किया जाना चाहिए, जिसमें स्टार्च होता है. अधिक चीनी के उपयोग से बचना चाहिए. दिन में दो बार ब्रश जरूर करें और पेस्ट की मात्रा कम लें. मौके पर उप मुखिया नमिता देवी, संस्था के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, क्राउंड लायंस के अध्यक्ष शुभम चौधरी, सचिव मनप्रीत सिंह छाबड़ा, निहाल सिंह सोढ़ी, सोनी कुमारी, अंजली गाड़ी, गायत्री कुमारी समेत कई शिक्षिकाएं व विद्यार्थी मौजूद थे.

### कुकिंग प्रतियोगिता में सीआरसी जाराडीह प्रथम

**राहे।** प्रखंड के मध्य विद्यालय राहे के परिसर में बीआरसी स्तर पर रसोइया के बीच कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. सीआरसी स्तर में चयनित 5 संकुल के रसोइयों ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत स्कूल में दैनिक मेनू के आधार पर भोजन बनाए. रसोइयों द्वारा बनाए गए भोजन को कमेटी के द्वारा परीक्षण के बाद स्वाद के लिए खाया गया. बीपीओ प्रवीण कुमार, चिकित्सा प्रभारी मेरी टोप्पो, सीआरपी जगन्नाथ मुखर्जी, शिक्षक विष्णु बैठा, स्कूल के बाल सांसद प्रधानमंत्री खुशबू कुमारी, स्वास्थ्य मंत्री लक्ष्मी कुमारी, पोषण मंत्री हेमंत महतो के द्वारा प्रथम स्थान सीआरसी जाराडीह तथा द्वितीय स्थान सीआरसी राहे को दिया गया.

## एकजुटता ही आदिवासी समाज की ताकत : दुर्गावती ओड़ेया



संवाददाता। खूंटी

मुंडा सभा की केंद्रीय कमेटी के तत्वावधान में बुधवार को खूंटी जिला के पोसया गांव में ऐतिहासिक मेले का आयोजन किया गया. मेले में मुंडाओं की ऐतिहासिक धरोहरों की रक्षा एवं संवर्धन करने का संकल्प लिया गया.साथ ही आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार के बारे जानकारी साझा की गई. मौके पर खूंटी सरना समिति के अध्यक्ष दुर्गावती ओड़ेया ने कहा कि आदिवासियों को सजग और शिक्षित होने की जरूरत है, तभी समाज का विकास हो सकता है और झारखंड के 32 जनजाति एक मंच पर आ सकते है. एकजुटता ही आदिवासी समाज की ताकत है.

मुंडा समाज के अध्यक्ष बिलकन डांग ने कहा कि नागवंशी राजाओं के शासन काल मे मुंडाओं के 12 पड़हा राजा मुंडा समाज के विकास व विभिन्न समस्याओं पर विचार- विमर्श किया करते थे. मौके पर खूंटी जिला सरना समिति अध्यक्ष प्रभु सहाय सांगा, अधिवक्ता सुभाष कोंगाड़ी, डॉ रॉयल डांग ,फिलिप सोय, ईश्वर दत्त कंडुलना, रेव जॉन कंडुलना समेत अन्य लोगों ने अपने विचार रखे और समाज के लोगों को एकजुट करने का संकल्प दोहराया.

## बंधु तिर्की ने कोकड़े जोभी टोली में हाथी पीड़ित परिवारों का जाना हाल

# पड़ित परिवार को मदद का भरोसा

संवाददाता। बेड़ो



प्रखंड अंतर्गत घाघरा पंचायत के ग्राम कोकड़े जोभी टोली में कुछ दिन पूर्व जंगली हथियों ने बुधु उरांव के घर को ध्वस्त कर दिया था. इसके बाद से ही उक्त गरीब परिवार के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था. इसकी जानकारी मिलते ही बुधवार को पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की पीड़ित गरीब परिवार के घर पहुंचे. पूर्व मंत्री क्षतिग्रस्त घर का निरीक्षण कर सारी समस्याओं से अवगत हुए. ग्रामीणों ने उन्हें अपनी समस्याएं सुनाई. पूर्व मंत्री ने बुधु उरांव के परिवार को मदद करने का आश्वासन दिया. पीड़ित परिवार को क्षतिग्रस्त मकान के एवज में मुआवजा के लिए अंचलाधिकारी के पास आवेदन जमा करने के लिए कहा. इस दौरान बंधु तिर्की गांव के बच्चों से भी मिले और उनकी शिक्षा-दीक्षा के संदर्भ में जानकारी ली. उन्होंने बच्चों से कहा कि नियमित स्कूल जाएं और पढ़ाई-लिखाई पर ध्यान दें. मौके पर मनोहर उरांव, चंद्रदेव उरांव, पंचू उरांव, गंगा मुंडा एवं ग्रामीण मौजूद थे.

### हाथियों ने घरों को तोड़ा, फसल भी रौंद डाले

**सोनाहातू।** प्रखंड क्षेत्र के एदेलडीह गांव में बीती मंगलवार रात हाथियों के झुंड ने कालीचरण महतो के घर को ध्वस्त कर दिया. घर में रखे 12 किवंटल आलू को भी खा गए. वहीं जामुदाग गांव के कृष्णा कोईरी, अशोक महतो, फनी महतो, विष्णु कोईरी, चंद्र सिंह मुंडा, रिजू कोईरी, संदीप कोईरी के खेत में लगी बीन, आलू, लौकी, गोभी, मटर, टमाटर आदि फसल को खाया और नष्ट किया है. सूचना मिलने पर बुधवार सुबह पंचायत समिति सदस्य रूप कुमार साहु गांव पहुंचे और नुकसान की जानकारी ली.

## सड़क पर रफ्तार का कहर, मौत बन कर दौड़ी टर्बो, घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त

# टर्बो ने बाइक सवार को रौंदा, एक की मौके पर मौत

संवाददाता। बेड़ो



**दर्दनाक हादसा**

- हिसरी से शादी का कार्ड बांट कर लौट रहे थे दो युवक
- ग्रामीणों ने की सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग

बेड़ो और लापुंग थाना क्षेत्र के सीमावर्ती हुटार गांव के पास ताबेर खुर्द मोड़ पर बेड़ो-ककरिया सड़क पर बुधवार शाम करीब साढ़े छह बजे एक टर्बो ट्रक ने बाइक सवार को कुचल डाला. बाइक चालक ईचागढ़ निवासी रंजन कच्छप की किसी तरह जान बच गई, लेकिन पीछे बैठे ईचागढ़ के रहने वाले 28 वर्षीय मंगल उरांव की दर्दनाक मौत हो गई.

घटना की सूचना पर बेड़ो पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में कर लिया. प्रत्यक्षदर्शी समाजसेवी अमित उरांव ने बताया कि टर्बो तेज रफ्तार से लापुंग की ओर से आ रही थी, तभी आगे जा रही बाइक को अपनी चपेट में ले लिया. बाइक में पीछे बैठे मंगल उरांव के शरीर की अंतड़ी तक बाहर निकल गई. दूर तक टर्बो उसे घसीट कर कर ले गई. वहीं बाइक चालक 35 वर्षीय रंजन कच्छप की जान बाल-बाल बच गई. रंजन कच्छप ने बताया कि वह अपने छोटे भाई श्यामलाल कच्छप की शादी का कार्ड बांटने बाइक से ही हिसरी के महादेव उरांव के घर गया था. वहीं से कार्ड बांटकर लौट रहा था. उसने बताया कि मृतक उसका फुफेरा भाई था और रांची में रह कर एसएससी सीजीएल की तैयारी कर रहा था. यहां से उसे कार्ड देने के लिए बरसा नगड़ी जाना था, लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था.

घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया था. ग्रामीणों ने कहा कि सड़क पर टर्बो, हाइवा सहित अन्य गाड़ियां बहुत तेज रफ्तार से चलती है. रफ्तार तेज रहने के कारण दूसरे वाहन चालकों को भी काफी डर बना रहता है. ग्रामीणों ने मांग की कि लापुंग और बेड़ो के सीमावर्ती इस घटनास्थल के पास एक स्पीड ब्रेकर बनाई जाए. यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो टर्बो और हाईवा चालकों की लापरवाही से और भी लोगों की जान जा सकती है. ग्रामीणों ने बताया कि इसके कुछ दिन पूर्व लापुंग थाना क्षेत्र के बाकाकेरा के पास भी एक टेंपो को हाईवा ने अपनी चपेट में ले लिया था.

## न्यूज अपडेट

### पिठौरिया में आजसू पार्टी के पिलर मेंबरों का सम्मेलन



**पिठौरिया।** आजसू पार्टी कांके प्रखंड सामिति के बैनर तले बुधवार को पिठौरिया में पिलर मेंबरों का सम्मेलन प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव की अध्यक्षता में हुआ. कार्यक्रम का संचालन कांके प्रखंड सचिव सुरेंद्र महतो ने किया. बैठक में आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता, रांची जिला अध्यक्ष संजय कुमार महतो, रांची जिला कार्यकारी अध्यक्ष हकीम असारी, रांची जिला महिला अध्यक्ष वीणा देवी, पार्वती देवी, मीना देवी, केंद्रीय सदस्य रूपलाल महतो, कलीम असांरी, किशोर महतो मौजूद थे. इस दौरान आजसू पार्टी की विचारधारा से प्रेरित होकर पिठौरिया के रितेश कुमार दीपक और महेश महतो ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ आजसू पार्टी का दामन थामा. मौके पर महमूद अंसारी, आनंद महतो, मनोज महतो, मुर्तजा खाना, लोकेश महतो, लखन महतो, बबली कुमारी, कमला देवी, रूपाश्री गाड़ी, संगीता देवी, सरिता देवी, प्रीति देवी, अजीत कच्छप, गोविंद महतो मौजूद रहे.

### फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में मना स्थापना दिवस



**ओरमांझी।** फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में बुधवार को 20वां स्थापना दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित एवं केक कट कर की गई. स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे ग्रुप की सचिव जीनत कौशर, निदेशक डॉ. शाहीन कौशर, सोसाइटी के मेंबर डॉ. नाजनीन कौशर उपस्थित थे. संस्थापक हाजी एहसान अंसारी ने नर्सों की कमी को देखते हुए 2004 में जीएनएम नर्सिंग 20 सीटों से शुरू किया गया. संस्थान के सचिव जीनत कौशर ने बताया कि संस्थान के 20 वर्ष सफलतापूर्ण पूरा हुए. आज फ्लोरेंस ग्रुप में 16 कोर्सों की पढ़ाई होती है. हर वर्ष जुलाई माह में हाजी एहसान अंसारी छात्रवृत्ति प्रोग्राम का आयोजन किया जाता है. मौके पर डॉ नजनीन कौशर, ज्योति ग्लोरिया, बिन्हा, विनीत, सुधीर कुट्टिया, शिखा श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश हिमांशु, आलिया खान, शोएब अखतर, रोहिनी, प्रतिभा, वर्षा कुमारी, शेरून शेफाली, पियातोष रंजन, कलाम अंसारी, सादिक अंसारी, शशि कुमार, आशीष कुमार, संजना एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित थे.

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में नेहा कुमारी को प्रथम स्थान



**ओरमांझी।** यूनिसेफ एवं नव भारत जागृति केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकला, ओरमांझी में बाल पत्रकार कार्यक्रम के का आयोजन किया गया. इस दौरान वर्ग 6 से 8वीं कक्षा के बच्चों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई. इसमें, बाल अधिकार, बाल विवाह, बाल मजदूरी, पोषण, बाल तस्करी, टीकाकरण, यातायात नियम के पालन करना, कानून एवं अधिनियम, शिक्षा, जलवायु परिवर्तन विषय से संबंधित प्रश्न पूछे गए. प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा कुमारी, द्वितीय सीता कुमारी और तृतीय स्थान सैफी ने प्राप्त किया. इस अवसर पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक, विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका आशा कुमारी, संगीता कुमारी ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया. मौके पर निर्मला कुजूर, मो. मुस्तफा अंसारी, अनुपाशैल बाला कुजूर, संस्था के विवेक कुमार, विद्यालय के बाल संसद की प्रधानमंत्री शिवानी कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे.

### थाना मैदान में 11वीं चैंपियंस ट्रॉफी 18 फरवरी को



**सोनाहातू।** थाना मैदान में 11वीं चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर वीरेंद्र सिंह मुंडा के अध्यक्षता में बैठक हुई. इस दौरान सर्वसम्मति से 18 फरवरी को फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन का निर्णय लिया गया. इस प्रतियोगिता में कुल 8 टीमें भाग लेगी. प्रथम पुरस्कार 131001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 81001 रुपये, तृतीय और चतुर्थ पुरस्कार 31001 रुपये तय किया गया. खेल में प्रवेश शुल्क 25000 रुपये रखा गया है. प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए कमेटी का गठन किया गया. इसमें अध्यक्ष जीबाधन सिंह मुंडा, सचिव सुषेन प्रामाणिक, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह मुंडा एवं सह कोषाध्यक्ष नवीन महतो को बनाया गया. बैठक में प्रतियोगिता के संरक्षक सह गूंज परिवार के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा सिंह मुंडा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, खेल संयोजक श्याम कुमार महतो, रमेश सिंह मुंडा, भुवनेश्वर महतो, अभिमन्यु महतो, गंधर्व महतो आदि मौजूद थे.

### एसवीएम डकरा के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**डकरा।** विद्या भारती द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा के भैया-बहनों का शानदार प्रदर्शन रहा. बाल, किशोर एवं तरुण वर्ग में सुलेख में कक्षा द्वितीय की बहन अनुष्का को, चित्रकला में कक्षा चतुर्थ के भैया संदीप को एवं निबंध में अष्टम कक्षा की रिया कुमारी, अभिषेक व नेहा नवम, स्वाति कुमारी दशम, सरस्वती कुमारी एकादश एवं सुमन कुमारी द्वादश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. विद्यालय के उपाध्यक्ष अवधेश सिंह ने सभी प्रतिभागियों को एक-एक हजार रुपये नगद राशि सहित प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया. विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने कहा कि लक्ष्य को प्राप्त करने व निरंतर आगे बढ़ने की सोच रखकर कार्य करें, तो सफलता आवश्यक मिलेगी. मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद रहे.

